कुल मुद्रित पृष्ठ संख्या / Total No. of printed pages: 12

परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था

Atomic Energy Education Society

वार्षिक परीक्षा / Annual Examination 2025-26

कक्षा / Class :चौथी / **IV** **अवधि / Duration :** तीन घंटे / **3 HOURS**

विषय / Subject :हिन्दी / **Hindi** **अधिकतम अंक / Maximum Marks :** ८० / **80**

विद्यार्थी द्वारा भरा जाए / To be filled by the Student

अद्वितीय परीक्षा क्रमांक / Unique Examination No: _____

कक्षा / अनुभाग Class /Sec.:_____ दिनांक / Date: _____

परीक्षा का दिन / Day of Examination: _____

विद्यालय का नाम / Name of the School: _____

हस्ताक्षर निरीक्षक (दिनांक सहित) / Invigilator's Sign. (With date):_____

अध्यापकों द्वारा भरा जाए / To be filled by the Teachers

प्राप्तांक / Marks Obtained [ ] **पूर्णांक** / Total Marks [ ]

हस्ताक्षर परीक्षक (दिनांक सहित) / Examiner's Sign. (With date): _____

हस्ताक्षर जाँचकर्ता (दिनांक सहित) / Cross Checker's Sign. (With date):_____

हस्ताक्षर परीक्षा प्रभारी (दिनांक सहित) / Exam I/C Sign. (With date): _____

सामान्य निर्देश/ General Instructions :

1. प्रत्येक प्रश्न के सामने अंक दर्शाए गए हैं।
2. प्रत्येक प्रश्न को ध्यान से पढ़ें और उचित उत्तर दें।
3. सुनिश्चित करें कि प्रत्येक खंड के प्रश्नों का उत्तर दिया गया है।

(पठन पर आधारित- 20 अंक)

प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

बहुत पुरानी बात है | मदन नाम का लड़का अपनी माँ के साथ गाँव में रहता था | माँ-बेटा बहुत गरीब थे| उनके पास कमाई का कोई साधन नहीं था | फिर भी मदन दिनभर खेल-कूद में ही समय बिता देता था | परेशान होकर एक दिन उसकी माँ ने कहा, "अब मैं तुझे बिठाकर नहीं खिला सकती | जा, कुछ पैसे कमाकर ला |" मदन घर से निकल पड़ा | वह गहरी सोच में डूबा था कि कैसे पैसे कमाए ? अचानक उसे ढिंढोरा पीटने की आवाज़ सुनाई दी | " सुनो ,सुनो ,सुनो ! राजदरबार में कवि-सम्मेलन हो रहा है | सबसे अच्छी कविता सुनाने वाले को सौ अशर्फियाँ पुरस्कार में मिलेंगी |" मदन चौकन्ना हो गया | सौ अशर्फियाँ,यह तो बना-बनाया अवसर है| वह सीधे राजमहल की ओर चल पड़ा |

(क) कौन परेशान था ? (1)

1. लड़का 2. माँ 3.राजा 4. चोर

(ख) मदन दिन भर क्या करता था ? (1)

1. सिलाई 2. बुनाई 3. खेल-कूद 4. पढ़ाई

(ग) मदन किस ओर चल पड़ा ? (1)

1. घर 2. उद्यान 3. राजमहल 4. बैंक

(घ) विलोम शब्द लिखिए| (1)

1. पुरानी x _____ 2. अच्छी x _____

(ङ) किसने, किससे कहा ? (1)

“अब मैं तुझे बिठाकर नहीं खिला सकती | जा, कुछ पैसे कमाकर ला |”

किसने कहा **किससे कहा**

_____ _____

प्रश्न 2. पठित पद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए|

नया कैमरा चाचा लाए,
दरवाज़े से ही चिल्लाए -
कहाँ गया,जल्दी आ छोटू,
बैठ यहाँ, खींचूँगा फ़ोटू !

मैं बोला- यह क्या है चक्कर,
छिपा हुआ क्या इसमें पेंटर ?
चित्र बनाता बिलकुल वैसा,
मोटा - पतला जो है जैसा |

(उचित उत्तरों पर सही का निशान लगाइए |)

(क) नया कैमरा कौन लेकर आया ? **(1)**

1. छोटू 2. दादा 3. चाचा 4. अम्मा

(ख) तुकबंदी वाले शब्द लिखिए| **(1)**

1. वैसा- _____ **2. छोटू - _____**

(ग) कैमरे की क्या विशेषता है ? **(1)**

1. चित्र बनाता है **2. फ़ोटो खींचता है**

3. चिल्लाता है **4. खाना बनाता है**

(घ) दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए | (1)

1. जल्दी x _____ 2. आया x _____

(ङ) चित्र कौन बनाता है ? (1)

1. डॉक्टर 2.पुलिस 3. पेंटर 4. नाई

प्रश्न 3. अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

(1X10=10)

हर देश का अपना राष्ट्रीय झंडा होता है। वह उस देश का प्रतीक होता है। हमारे देश का राष्ट्रीय झंडा तिरंगा है । इसमें मुख्यतः तीन रंग हैं| केसरिया, सफ़ेद और हरा। सबसे ऊपर केसरिया रंग की पट्टी है, बीच में सफ़ेद रंग की पट्टी है और हरे रंग की पट्टी सब से नीचे है। केसरिया रंग बलिदान का प्रतीक है, सफ़ेद रंग शांति का प्रतीक है और हरा रंग हमारे देश के सुख समृद्धि को भी दर्शाता है | हमारे देश का तिरंगा हमारी शान का प्रतीक है। झंडे के बीचों-बीच एक चक्र है, जिसे अशोक चक्र कहते हैं।

(उचित उत्तर पर सही का निशान लगाइए)

(क) केसरिया रंग किस का प्रतीक है ? (1)

1. अपमान का 2. सम्मान का 3. बलिदान का

(ख) झंडे के बीचों-बीच क्या है ? (1)

1. मोती 2. तलवार 3. चक्र

(ग) हमारे देश का तिरंगा किसका प्रतीक है ? (1)

1. सुख 2. शान 3. बलिदान का

(घ) तिरंगे में कितने रंग हैं? (1)

1. एक 2. पाँच 3. तीन

(ङ) हरा रंग क्या दर्शाता है ? (1)

1. शांति 2.सुख समृद्धि 3. भय

(च) सफेद रंग किसका प्रतीक है ? (1)

1. अशांति 2.मान 3. शांति

(छ) खाली स्थान भरो । (1)

झंडों के बीचों बीच एक चक्र है , जिसे _____ कहते हैं ।

(ज) समान तुक वाले शब्द लिखिए । (1)

1.रंग - _____ 2. झंडा - _____

(झ) दिए गए शब्द से वाक्य बनाइए । (1)

प्रतीक - _____

(ञ) हमारे देश के राष्ट्रीय झंडे का नाम क्या है ? (1)

_____

(पाठ्य पुस्तक पर आधारित प्रश्न -10 अंक)

प्रश्न 4 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

(क) आप कौन - कौन से त्योहार मनाते हैं ? (2)

_____

_____

_____

(ख) लड्डू दादा ने क्या-क्या सुझाव दिए ? (2)

(ग) हमारे वैज्ञानिकों ने आदित्य - एल 1 का निर्माण क्यों किया ? (2)

(घ) शतरंज खेलते समय राजा को तेनालीरामन पर क्रोध क्यों आ रहा था? (2)

(ङ) स्वस्थ रहने के लिए आप क्या-क्या करते हैं ? इससे संबंधित दो वाक्य लिखिए| (2)

(रचनात्मक लेखन पर आधारित प्रश्न- 10 अंक)

प्रश्न 5.क) दिए गए चित्र को देखकर पाँच वाक्य लिखिए | **(5)**

(ख) ओणम के बारे मे पाँच वाक्य लिखिए | (5)

_____

_____

_____

_____

_____

_____

_____

_____

_____

(व्याकरण पर आधारित प्रश्न - 15 अंक)

प्रश्न 6.क) रेखांकित शब्दों के विपरीत अर्थ वाले शब्द खाली स्थान में लिखिए | (2)

1. बड़े भैया ने _____ भाई को पुस्तक दी |

2. शत्रु को भी _____ बना लेना महानता का गुण है |

(ख) समान अर्थ वाले शब्द लिखिए | (2)

1. प्रशंसा _____ 2. माहिर _____

(ग) लिंग बदलिए | (2)

1. नाना _____ 2. चाचा _____

(घ) दिए गए वाक्यों को उचित विराम चिन्हों की सहायता से पूरा कीजिए | (1)

(? |)

1. हम इमली खा रहे हैं

2. क्या ताक झाँक कर रहे हो

(ङ) निम्नलिखित मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए | (2)

मन में लड्डू फूटना

अर्थ - _____

वाक्य - _____

(च) विशेषण शब्दों को रेखांकित कीजिए | (2)

1. मेरे पास लाल रूमाल है |

2. बीरबल बहुत चतुर मंत्री था |

(छ) सही मिलान कीजिए | (2)

1. रस	जामुन
2. काजू	शाही
3. बालू	मलाई
4. गुलाब	कतली

(ज) दी गई तालिका को पूरा कीजिए | (2)

उपसर्ग	मूल शब्द	नया शब्द
अभि		
प्र		

(शब्दावली पर आधारित प्रश्न -10 अंक)

प्रश्न 7. (क) वाक्यांश के लिये एक शब्द लिखिए | (2)

1. सलाह देने वाला _____

2. पेंट करने वाला _____

(ख) दिए गए शब्दों का प्रयोग करके वाक्य बनाइए | (2)

प्रकाश - _____

_____

बहुत -_____

_____

(ग) दिए गए शब्दों में से उचित शब्द चुन कर रिक्त स्थान को पूरा कीजिए | (3)

(रसगुल्ला लावणी त्रिविक्रम बेंबिका गरवा)

1. महाराष्ट्र का लोक नृत्य ----------

2. तीनों लोकों को जीतने वाला ----------

3. गोवा की प्रसिद्ध मिठाई ----------

(घ) सही मिलान कीजिए | (3)

1. लट्टू

2. साँप-सीढ़ी

3. गुट्टे

(वर्तनी पर आधारित प्रश्न -10 अंक)

प्रश्न 8.(क) दिये गये वर्णों को सही क्रम में लगाकर उचित शब्द बनाइए | (4)

(क) या / बे / ल / का / लि - _____

(ख) ली / ब / हा / म - _____

(ग) ना / म / ते / ली / रा / न - _____

(घ) रि / अं / क्ष / त - _____

(ख) सही शब्द पर गोला बनाइए | (2)

1. आदभूत अद्भुत अदबहूत

2. संमलेयन सम्मेलयन सम्मेलन

(ग) दिए गए शब्दों को सही क्रम में लगा कर वाक्य बनाइए | (2)

1. देती / फूलों / मंडराती / तितलियाँ / पर / हैं

_____

2. निकल / से /मदन / घर / पड़ा

_____

(घ) मात्रा हटाकर नए शब्द बनाइए | (2)

1. जाली _____ 2. मेला _____

(सुलेख - 5 अंक)

बादशाह अक़बर अपने मंत्री बीरबल को बहुत पसंद करता था । इसी कारण कुछ दरबारी बीरबल से जलते थे| वे बीरबल को मुसीबत में फँसाने के तरीक़े सोचते रहते थे। अक़बर के एक ख़ास दरबारी ख्वाजा सरा को अपनी विद्या और बुद्धि पर बहुत अभिमान था । बीरबल को तो वे अपने सामने बालक और मूर्ख समझते थे उनकी चलती तो वे बीरबल को हिन्दुस्तान से निकलवा देते।

_____

_____

_____

_____

_____

_____

_____

_____